**कार्यशाला • आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पत्रकारों एवं राजनीतिज्ञों हेतु तनाव प्रबंधन कार्यशाला**

# तनाव मुक्ति के लिए अध्यात्म और प्रकृति को साथी बनायें



**एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन**

**नई दिल्ली।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 'माँ तुझे सलाम' थीम को लेकर पत्रकारों एवं राजनेताओं हेतु 'मेडिटेशन द्वारा तनाव मुक्ति' विषय पर एक प्रेरक कार्यशाला स्थानीय एनडीएमसी सेंटर,नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ एवं इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ जो संस्कार देती है वो निश्चित रूप से हमारे जीवन के लिए फलदायक है। आध्यात्मिकता के आधार पर ही विश्व को हमने नैतिक मापदंड अपनाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि भारत के दर्शन एवं आध्यात्मिकता को देश-विदेश में फैलाने का श्रेय विश्व व्यापी ब्रह्माकुमारी संस्था को जाता है। आईआईएमसी,भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि अपने जीवन में अध्यात्म और प्रकृति को साथी बनायें तो जीवन में तनाव नहीं होगा। सुख शांति और वैभव तीनों के लिए आध्यात्मिकता और भौतिकता का संतुलन आवश्यक है। ओआरसी निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन के द्वारा जीवन में मानवीय मूल्यों और साइलेंस की शक्ति को धारण करके आज के मीडियाकर्मी एवं राजनीति के लोग स्वतः प्रेरित, सर्जनशील एवं तनाव रहित रह सकते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक ने कहा कि निष्पक्ष, निःस्वार्थ, न्यायपूर्ण पत्रकारिता से पत्रकार तनावमुक्त रह सकते हैं। राजनेताओं को तनावमुक्त होने के लिए वोट और नोट से ऊपर उठकर जन कल्याण के अर्थ कार्य करना होगा। भारतीय मीडिया कल्याण संघ के अध्यक्ष राजीव निशाना ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दिया जा रहा ज्ञान हमें तनाव से दूर करने में मदद करता है इसलिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आशीर्वचन देते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था के दिल्ली और हरियाणा स्थित अनेक सेवाकेन्द्रों की निर्देशिका राजयोगिनी ब्र.कु. शुक्ला दीदी ने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए सभी को अपने जीवन में राजयोग मेडिटेशन को शामिल करना होगा। देशभक्ति पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। 300 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम का लाभ लिया। मंच पर उपस्थित दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त दीपेन्द्र पाठक,आई पीएस ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

**राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास की ज़रूरत**



न्यूज़ 24 की एडिटर इन चीफ श्रीमति अनुराधा प्रसाद ने कहा कि आज के पत्रकार दो धारी तलवार पर चल रहे हैं। इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सिखाये जा रहे राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास की ज़रूरत है जिससे हम पत्रकार अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में तनाव को कम करते हुए खुश रह सकें।

**कार्यक्रम में विशेष**

*सभी महानुभावों ने तनाव मुक्ति विषय पर रखे अपने महत्वपूर्ण वक्तव्य*

*देशभक्ति पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्कूल के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति*

## जीवन में लॉ के साथ लव भी होना ज़रूरी



**अमरावती-महा.। 'शांति का विज्ञान' विषय पर ब्रह्माकुमारीज़ के विश्व परिवर्तन भवन में संगोष्ठी का आयोजन हुआ।**
इस मौके पर डॉ. ए.पी. देशमुख, अधिष्ठाता,पंजाबराव देशमुख मेडिकल कॉलेज, अमरावती तथा डॉ. श्याम सुंदर निकम,पूर्व जिला शल्य चिकित्सक, अमरावती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षा ब्रह्माकुमारीज़ अमरावती की संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. सीता दीदी ने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ का मेडिकल प्रभाग मेडिटेशन के द्वारा बीमारियों को कैसे ठीक कर सकते हैं, इस पर कार्य कर रहा है और हार्ट ब्लॉकिज जैसी समस्या को भी मेडिटेशन और लाइफ स्टाइल चेंज के द्वारा समाप्त किया जा रहा है। ब्र.कु. डॉ. ई.वी. गिरीश ने कहा कि मेडिकल के सेक्टर में कोई भी लॉ पूर्ण रूप से सुरक्षा नहीं दे पा रहा है। लॉ के साथ हमें अपने जीवन में लव लाने की ज़रूरत है। इस मौके पर कोविड जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्यता और प्रेम से रोगियों की सेवा करने वाली सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल,अमरावती, रिम्स हॉस्पिटल,बख्तार हॉस्पिटल की नर्सेस एवं मेट्रन का सत्कार किया गया। इस मौके पर डॉ. आशा हरवाणी,अध्यक्षा,आई.एम.ए. एवं डॉ. आशा ताई ठाकरे के साथ मेडिकल प्रभाग के सभी डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. अश्विना बहन व आभार डॉ. कल्पना ताई राठी ने किया।

## हलालपुर में 'आत्मनिर्भर किसान दिव्य सम्मेलन'

**दिल्ली।** ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग,दिल्ली ज़ोन द्वारा हलालपुर गांव में आयोजित 'आत्मनिर्भर किसान दिव्य सम्मेलन' में ठाकुर किरन पाल सिंह,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष,भा.कि.यू. ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों ने किसानों का यह मुद्दा उठाकर सराहनीय कार्य किया है। मैं मथुरा का हूँ और मैं मथुरा में भी ऐसे ही भव्य कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को जागरुक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करूंगा। राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी,चेयरपर्सन,ग्राम विकास प्रभाग,ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि भारत को सुपर पावर बनाने में किसानों का अहम रोल है। वर्तमान समय किसानों के आत्मसम्मान को जगाने का है। आत्मविश्वास से आत्मसम्मान जागृत होगा। जिला अधिकारी बहन शर्मिला, अतिरिक्त सरपंच और रिटायर्ड कमिश्नर,उत्तरी रेलवे के कुलदीप दहिया, शिक्षा अधिकारी, सिल्वर पदम विजेता ओम्पिक तथा स्वर्ण पदक विजेता कॉमनवेल्थ गेम्स के रवि दहिया,

• **शाश्वत यौगिक खेती के प्रति बढ़ता किसानों का रुझान**

• **सम्मेलन में सम्मिलित होने पहुंचे हज़ारों किसान**



अति. सुपरिंटेंडेंट,सोनीपत धर्मपाल दहिया तथा प्रसिद्ध समाजसेवी भूपसिंह दहिया ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। मौके पर भा.कि.यू. के मुख्य महासचिव, दिल्ली ज़ोन के संजय राघव ने भा.कि.यू. के सभी सदस्यों को ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय में होने वाले किसान सम्मेलन का निमंत्रण दिया। इस सम्मेलन का आयोजन ग्राम विकास प्रभाग की कोऑर्डिनेटर ब्र.कु.राजकुमारी दीदी,मजलिस पार्क तथा कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश भाई, सत्कार भवन ने किया। ब्र.कु.सुनीता बहन ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया।

# शाश्वत यौगिक खेती बनाएगी किसानों को आत्मनिर्भर

**ब्रह्माकुमारीज़ के भाग्यविधाता भवन में पहुंचे 500 से अधिक किसान बंधु**

**राजयोगी साधकों ने बताया शाश्वत यौगिक खेती का महत्व**

**बैतूल-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के भाग्य विधाता भवन में 'स्वर्णिम भारत की पहचान आत्मनिर्भर किसान' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक ग्राम सरपंच सचिव, किसान बंधु, कृषि अधिकारी एवं ग्राम विकास तथा कृषि से जुड़े महानुभावों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय माउंट आबू से आए कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के उपाध्यक्ष राजयोगी ब्र.कु. राजू भाई ने कहा कि वर्तमान समय शाश्वत यौगिक खेती को अपनाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि कहते हैं जैसा अन्न वैसा मन होता है। अन्न का प्रभाव मन पर और मन का प्रभाव तन पर होता है। अगर तन और मन को स्वस्थ रखना है तो हमें प्राकृतिक तरीके की शाश्वत यौगिक खेती को अपनाना होगा। इससे ही हमारा देश और किसान समृद्ध और खुशहाल हो सकेंगे।

कोल्हापुर से आये ब्र.कु. बाला साहब ने




शाश्वत यौगिक खेती के अपने प्रयोगों और अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अनेक वैज्ञानिक शोध हमें यही इशारा देते हैं कि वर्तमान खेती में रसायनों का उपयोग हमारे स्वास्थ्य, ज़मीन और आने वाली पीढ़ी सभी के लिए हानिकारक है। बैतूल हरदा क्षेत्र के सांसद डी.डी. उइके ने कहा कि हमें पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कृषि की पारंपरिक पद्धति को अपनाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, कृषि वैज्ञानिक विजय वर्मा, लायंस क्लब अध्यक्ष प्रताप देशमुख, ब्र.कु. रेखा बहन,मुरैना, ब्र.कु. मंजू बहन,बैतूल, ब्र.कु. सुनीता बहन,सारणी, ब्र.कु. नंदकिशोर भाई आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंत में ब्र.कु. अरुणा बहन ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया तथा शाश्वत यौगिक खेती अपनाने का संकल्प कराया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th,Sep 2022
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा डी.बी. कॉर्प.लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org